an>

Title: Need to conduct CBI enquiry in scam done by IMA Credit Cooperative Society Ltd.

कुमारी शोभा कारान्दलाजे (उदुपी चिकमगलूर): माननीय अध्यक्ष जी, पिछले दो हफ्तों से कर्नाटक की राजधानी कुछ गलत विषय के लिए चर्चा में है । मंसूर अली खान नाम के एक व्यक्ति ने आईएमए क्रेडिट कोऑपरेटेव सोसायटी लिमिटेड बनाकर लगभग 50 हज़ार गरीब लोगों को धोखा दिया । निवेशकों को ज़्यादा ब्याज देने का लालच दिया गया था । वह दो महीनों से लापता है । इसी घोटाले में 15 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा का निवेश हुआ है । अभी तक 40 हज़ार मामले बेंगलुरु और अलग-अलग पुलिस स्टेशंस में दर्ज हुए हैं ।

अध्यक्ष जी, ये निवेशक बहुत गरीब लोग हैं । इनमें से ज़्यादातर लोग ऑटो रिक्शा चलाने वाले, सब्जियां बेचने वाले और मज़दूरी कर के घर चलाने वाले हैं । उन्होंने आईएमए में पैसा रखा था, किसी ने बेटी की शादी के लिए पैसे रखे थे, किसी ने नया घर बनाने के लिए रखे थे, किसी ने बच्चे को पढ़ाने के लिए रखे थे । अब उनके पास जमापूंजी के रूप में सिर्फ आंसू बाकी हैं ।

सर, यह बहुत बड़ा घोटाला है, इसमें सरकार शामिल है । आईएमए के मालिक मंसूर अली खान के रिश्ते कांग्रेस और जेडी (एस) नेताओं के साथ भी हैं । इसी धोखाधड़ी मामले में कर्नाटक के जेडी (एस) के एक मंत्री, कांग्रेस के विधायक, राज्य के बहुत सारे नेता एवं बहुत सारे अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं । …(व्यवधान) कल मंसूर अली खान ने दुबई में बैठकर एक वीडियो क्लिप जारी कर इस घोटाले में बड़े-बड़े व्यक्तियों के नामों का खुलासा किया है । …(व्यवधान) आईएमए के एमडी मंसूर अली खान का रिश्ता आतंकवादियों के साथ भी है । …(व्यवधान) कर्नाटक सरकार

माननीय अध्यक्ष: श्री कल्याण बनर्जी ।

…(व्यवधान)

कुमारी शोभा कारान्दलाजे : सर, मुझे एक मिनट और दीजिए । …(व्यवधान) कर्नाटक सरकार ने इस घोटाले की जांच के लिए एसआईटी बैठाई है, मगर निवेशक और कर्नाटक की जनता एसआईटी पर विश्वास नहीं कर रही है । …(व्यवधान) स्वयं राज्य सरकार इस घोटाले में शामिल है । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री कल्याण बनर्जी ।

…(व्यवधान)

कुमारी शोभा कारान्दलाजे: सर, ऐसा लगता है कि राज्य सरकार इस मामले को जल्दी दबा देगी । …(व्यवधान) ऐसा पहले भी हुआ था । …(व्यवधान) कर्नाटक राज्य सरकार ने बहुत केसेज़ को दबा दिया था । …(व्यवधान) इसलिए मेरी मांग है कि इस मामले की सीबीआई और इनफोर्समेंट डायरेक्ट्रेट से जांच करवाई जाए । धन्यवाद । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को कुमारी शोभा कारान्दलाजे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Kalyan Banerjee.

… (*Interruptions*)